
# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXIV

संस्करण : जनवरी-मार्च 2024



/NHPCIndiaLimited @nhpcltd /nhpclimited NHPC Limited @nhpclimited NHPC Limited

www.nhpcindia.com

## एनएचपीसी के निगम मुख्यालय \ क्षेत्रीय कार्यालयों \ पावर स्टेशन \ परियोजनाओं एवं ईकाइयों पर आयोजित 75 वां गणतन्त्र दिवस समारोह की झलकियाँ






www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# निगम मुख्यालय

## कुप्पा पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना (750 मेगावाट) में निवेश हेतु एनएचपीसी और जीपीसीएल, गुजरात सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




एनएचपीसी ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कुप्पा पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना (750 MW) में निवेश हेतु गुजरात पावर कोर्पोरेशन लिमिटेड, गुजरात सरकार के साथ दिनांक 03.01.2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह हस्ताक्षर "वाईब्रेंट गुजरात" के तत्वाधान में गांधीनगर,गुजरात स्थित सचिवालय में आयोजित समझौता ज्ञापन समारोह में किया गया।

गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल तथा माननीय ऊर्जा मंत्री श्री कानुभाई देसाई, गुजरात सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में श्री अरुण महेश बाबू (आईएएस), प्रबंध निदेशक, जीपीसीएल, गुजरात सरकार और श्री वी.आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक, नवीकरणीय ऊर्जा एवं हरित हाइड्रोजन, एनएचपीसी ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर गुजरात सरकार के माननीय मंत्रीगण, गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एमओयू की शर्तों के अनुसार एनएचपीसी इस प्रस्तावित 750 मेगावाट कुप्पा पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना, छोटा उदयपुर, गुजरात में अनुमानित 4000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एमओयू का लक्ष्य स्वच्छ और हरित ऊर्जा के राष्ट्रीय उद्देश्य यानी 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा और 2070 तक "नेट जीरो" लक्ष्य की दिशा में योगदान करना है। गुजरात सरकार और एनएचपीसी ने पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजनाओं को विकसित करने और उपयोग करने की योजना बनाई है जो ऊर्जा भंडारण के लिए एक प्रभावी समाधान होगी। इस परियोजना के कार्यान्वयन से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

एनएचपीसी लिमिटेड भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी है। अपने 25 पावर स्टेशनों के माध्यम से एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7097.2 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (पवन और सौर सहित) है, जिसमें सहायक कंपनियों के माध्यम से 1520 मेगावाट शामिल है। वर्तमान में,एनएचपीसी(सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनियों सहित) 10449 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता वाली पंद्रह परियोजनाओं के निर्माण में लगी हुई है।

## शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांगजनों को चिकित्सा देखभाल और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और चेशायर होम इंडिया, दिल्ली यूनिट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



चेशायर होम इंडिया, दिल्ली यूनिट में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांगजनों को चिकित्सा देखभाल और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और चेशायर होम इंडिया, ओखला रोड, दिल्ली यूनिट के बीच दिनांक 17.01.2024 को फरीदाबाद में सीएसआर के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और कार्यपालक निदेशक (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी की गरिमामयी उपस्थिति में महाप्रबंधक (सीएसआर एंड एसडी), एनएचपीसी और मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) विजय कृष्णा, सदस्य प्रबंध समिति, चेशायर होम इंडिया द्वारा इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, एनएचपीसी द्वारा चेशायर होम इंडिया, दिल्ली यूनिट के माध्यम से चेशायर होम इंडिया, दिल्ली यूनिट में रह रहे दिव्यांगजनों को एक वर्ष के लिए चिकित्सीय सेवा और पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए चिकित्सकों, नर्सों, मनोचिकित्सकों एवं परिचारकों की व्यवस्था भी की जाएगी।

# एनएचपीसी को आरटीआई एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए स्कोप द्वारा 'प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया गया




भारत की अग्रणी जलविद्युत कम्पनी एनएचपीसी लिमिटेड को आरटीआई एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन की श्रेणी में स्कोप द्वारा 'प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया गया है। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने यह 'प्रशस्ति पत्र' प्रदान किया। श्री आर.के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 18 जनवरी 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित स्कोप पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्राप्त किया।

# एनएचपीसी में 75वां गणतंत्र दिवस का आयोजन




एनएचपीसी ने 26 जनवरी 2024 को बड़े हर्षोल्लास के साथ भारत का 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में समारोह की शुरुआत श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) एनएचपीसी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर और राष्ट्रगान के साथ हुआ। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी व परियोजनाएं), एनएचपीसी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री आर.पी. गोयल ने पूरे एनएचपीसी परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। श्री गोयल ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य के रुप में घोषित हुआ और हमने अपने लिए एक लोकतांत्रिक प्रणाली को चुना था अर्थात् जनता के द्वारा जनता के लिए शासन की व्यवस्था।

निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने बताया कि एनएचपीसी जलविद्युत उत्पादन के क्षेत्र में देश की अग्रणी संस्थान है और इसकी वर्तमान जलविद्युत संस्थापित क्षमता देश की कुल क्षमता का लगभग 15% है। उन्होने आगे कहा कि हमारी जिम्मेदारी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एनएचपीसी आज देश की कुल 52% निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर रही है। श्री गोयल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024–25 में 2000 मेगावाट की सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और 800 मेगावाट की पार्बती–II जलविद्युत परियोजना में विद्युत उत्पादन शुरू हो जाएगा।

श्री गोयल ने एनएचपीसी के सभी कर्मचारियों से पूरी लगन के साथ काम करने और अपने कर्तव्यों का पूरी दृढ़ता के साथ पालन करने की अपील की। वेब कास्टिंग के माध्यम से गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देश भर में स्थित एनएचपीसी के सभी कार्यालयों में भी किया गया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 1732 करोड़ रुपए से अधिक के एनएचपीसी के 300 मेगावाट करणीसर-भाटियान, बीकानेर सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी



भारत सरकार के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य को प्राप्त करने और नेट जीरो विजन को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी, 2024 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गांवः करणीसर–भाटियान, तहसील पूगल, जिला–बीकानेर, राजस्थान में स्थित 300 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। यह परियोजना भारत सरकार की सीपीएसयू स्कीम, चरण-II, श्रृंखला-III के अंतर्गत एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा कुल 1732 करोड़ रुपए के निवेश के साथ स्थापित की जा रही है।

भारत में विनिर्मित उच्च दक्षता वाले बाइफेशियल मॉड्यूल सहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस, यह सौर परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप है। इससे उत्पादित विद्युत को बीकानेर-II आईएसटीएस सबस्टेशन के माध्यम से प्रेषण किया जाएगा। इस परियोजना का लक्ष्य 28.50% की क्षमता उपयोग कारक (सीयूएफ) पर विचार करते हुए वार्षिक लगभग 750 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन करना है, जिससे इसके जीवनकाल में लगभग 18,000 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 134.70 करोड़ रुपए की व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) पर विचार करते हुए 25 वर्षों के लिए रु 2.45 / यूनिट के प्रतिस्पर्धी टैरिफ पर पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के साथ इस परियोजना के लिए विद्युत उपयोग समझौता किया गया है। इस परियोजना को सितंबर, 2024 तक चालू करने की योजना है। इस परियोजना से परियोजना चरण के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 600 व्यक्तियों और प्रचालन एवं रखरखाव चरण के दौरान 100 कर्मियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होगें। इसके अलावा, राजस्थान राज्य सरकार को ग्रिड प्रबंधन, अन्य सहायक अवसंरचना और हितधारकों के लिए सुविधा कार्यों के लिए बड़ी विद्युत प्रणाली की अवसंरचना के विकास के लिए राज्य की सौर नीति के प्रावधानों के अनुसार राजस्थान अक्षय ऊर्जा विकास निधि में भी लाभ प्राप्त होगा।

इस समारोह में श्री भजन लाल शर्मा, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान, श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा), श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (विधि एवं न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति), संसद सदस्य, बीकानेर भी उपस्थित थे।

श्रीमती दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान, श्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री (विद्युत एवं भारी उद्योग) और श्री प्रेम चंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान भी इस समारोह में शामिल हुए। एनएचपीसी लिमिटेड भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी है। अपने 25 पावर स्टेशनों के माध्यम से एनएचपीसी की कुल संस्थापित क्षमता 7097.2 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (पवन और सौर सहित) है, जिसमें सहायक कंपनियों के माध्यम से 1520 मेगावाट शामिल है। वर्तमान में, एनएचपीसी (सहायक / संयुक्त उद्यम कंपनियों सहित) 10449 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता वाली 15 परियोजनाओं का निर्माण कर रही है।

# एनएचपीसी द्वारा पीएससीबी के तत्वावधान में 23वें इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी






एनएचपीसी दिनांक 19 से 24 फरवरी 2024 तक गुरुग्राम में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 23वें इंटर सीपीएसयू टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की। श्री उत्तम लाल ,निदेशक (कार्मिक) ,एनएचपीसी ने एनएचपीसी और भाग लेने वाले संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री उत्तम लाल , निदेशक (कार्मिक) ,एनएचपीसी ने कहा कि 23वां इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम–भावना से विभिन्न विद्युत क्षेत्र के संगठनों को एक साथ लाने के लिए एक आदर्श मंच है। उन्होंने आगे कहा कि यह टूर्नामेंट कार्य–जीवन संतुलन के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है।

इस टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सीपीएसयू / संगठनों की कुल 14 टीमें ने भाग लिया। टूर्नामेंट के दौरान कुल छियालीस मैच खेले गये। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 24 फरवरी 2024 को खेला गया जिसमे एनटीपीसी टीम ने पावर ग्रिड टीम को हराया। एनएचपीसी और टीएचडीसी



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

के बीच में खेले गए उद्घाटन मैच में टीएचडीसी की टीम विजयी रही। 19 फरवरी 2024 को खेले गए ग्यारह अन्य मैचों में टीएचडीसी ने नीपको को हराया, एनएचपीसी ने बीईई को हराया, डीवीसी ने सीईए को हराया, एनटीपीसी ने ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया को हराया, पावरग्रिड ने पीएफ़सी को हराया, एसजेवीएन ने आरईसी को हराया, नीपको ने बीईई को हराया, ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया ने सीईए को हराया, एनटीपीसी ने डीवीसी को हराया, बीबीएमबी ने एसजेवीएनएल को हराया और पावरग्रिड ने विद्युत मंत्रालय को हराया।

## एनएचपीसी द्वारा 'ज्ञानांकन - द बिजनेस क्विज' का आयोजन

एनएचपीसी ने संगठनात्मक विकास पहल के एक भाग के रूप में 'ज्ञानांकन–द बिजनेस क्विज' का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य कार्मिकों को नवीनतम व्यावसायिक शब्दावली, समसामयिक मामलों और वैश्विक स्तर पर हो रही अन्य प्रगति के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करना और साथ ही कार्मिकों की नवोन्वेषी क्षमता और रचनात्मकता को जागृत करना है।



'ज्ञानांकन'–द बिजनेस क्विज़ के पहले संस्करण को एनएचपीसी के सभी विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों के कार्मिकों से अत्यधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। क्विज़ के प्रारंभिक चरण में देश भर में एनएचपीसी के विभिन्न कार्य स्थलों से भागीदारी हुई। सेमी–फ़ाइनल और ग्रैंड फ़िनाले राउंड का आयोजन निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद के जल तरंग सभागार में किया गया। इस ग्रैंड फिनाले के मुख्य अतिथि श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) एनएचपीसी थे। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस ग्रैंड फिनाले में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ग्रैंड फिनाले में बिजनेस और कारपोरेट वर्ल्ड और सामान्य ज्ञान के विषयों पर छह टीमों के बीच विलक्षण प्रश्नोत्तरी के 5 रोमांचक दौर शामिल थे, जिससे सभी दर्शक बहुत रोमांचित हुए। श्रीमती रश्मि सारस्वत, प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), डिज़ाइन (ईएंडएम) विभाग, निगम मुख्यालय और श्री संजीव कुमार धीमान, सहायक प्रबंधक (आईटी), सीएमडी सचिवालय, निगम मुख्यालय की टीम 'ज्ञानांकन–द बिजनेस क्विज़' की विजेता रही । श्री नितिन वर्मा, उप प्रबंधक (मा.सं.), वित्त विभाग, निगम मुख्यालय और श्री तापस रंजन बेहरा, प्रशिक्षु अधिकारी (मा.सं.), लोकतक पावर स्टेशन की टीम प्रथम उपविजेता रही और श्री विजय सिंह, प्रबंधक (मैकेनिकल), सलाल पावर स्टेशन और श्री देवनंदन कुमार, उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), सलाल पावर स्टेशन की टीम दूसरी उपविजेता रही। प्रसिद्ध क्विज़मास्टर श्री एस.पी.एस. जग्गी, पूर्व निदेशक (पीएंडए), एससीआई ने इस क्विज़ के सेमी फाइनल और ग्रैंड फिनाले का संचालन किया।

## माननीय प्रधानमंत्री ने 380 मेगावाट की सौर परियोजना (आरईआईए के रूप में एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित) का उद्घाटन किया और बीएसयूएल (यूपीनेडा व एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट के जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला रखी




भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने आदिलाबाद, तेलंगाना में 4 मार्च, 2024 को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में एनएचपीसी द्वारा कार्यान्वित 380 मेगावाट की सौर परियोजना (ग्राम निंबा और मगरे की ढाणी, जैसलमेर जिला, राजस्थान में स्थित) का उद्घाटन किया और बीएसयूएल (यूपीनेडा के साथ एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट की जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला भी रखी। ये परियोजनाएं भारत सरकार के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में गति प्रदान करेंगी।

इस 380 मेगावाट की सौर परियोजना को 'मैसर्स अल्ट्रा ज़ेर्गी पावर प्राइवेट लिमिटेड' (मैसर्स O2 पावर एसजी प्राइवेट लिमिटेड की एसपीवी) द्वारा उच्च दक्षता वाले बिफेशियल मॉड्यूल सहित नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक से और 2115 करोड़ रुपए के कुल निवेश परिव्यय के साथ विकसित की गई है। एनएचपीसी (एमएनआरई की नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी) बैक–टू–बैक आधार पर एमपीपीएमसीएल–मध्य प्रदेश को बिक्री के लिए 'मध्यस्थ खरीददार' के रूप में इस परियोजना से समग्र उत्पादित विद्युत क्रय कर रही है। इस परियोजना से प्रत्येक वर्ष लगभग 793 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा उत्पादित होगी और इस परियोजना द्वारा अपने जीवनकाल में 16 मिलियन मीट्रिक टन तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की कमी होगी।

बीएसयूएल (यूपीनेडा व एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम) के 1200 मेगावाट जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क को 796.96 करोड़ रुपए के कुल निवेश से भारत सरकार की सोलर पार्क स्कीम, मोड–8ए (अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क–यूएमआरईपीपी) के अंतर्गत स्थापित किया जा रहा है। यह पार्क प्रत्येक वर्ष लगभग 2400 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादित करेगा, जो 25 वर्ष के जीवनकाल में 432 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में सहायता करेगा।

यह पार्क उत्तर प्रदेश राज्य के विकास में भी सहायता करेगा और राज्य के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगा तथा निर्माण चरण के दौरान 7000 अकुशल रोजगार



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

और प्रचालन व अनुरक्षण चरण के दौरान 700 रोजगार सृजित करेगा । इस सोलर पार्क में 5400 करोड़ रुपए के निवेश से 100 मेगावाट क्षमता की 12 विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। भारतीय रेलवे भी विद्युत की 1400 मिलियन यूनिट क्रय करने का विचार कर रही है, जिससे रेलवे का नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो मजबूत होगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र में विकास के अवसरों को भी बढ़ावा देगी।

इस समारोह में तेलंगाना राज्य की माननीया राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, तेलंगाना राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के माननीय केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और विकास मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी उपस्थित थे। माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह और संसद सदस्य, बाड़मेर श्री कैलाश चौधरी ने भी वर्चुअल मोड के माध्यम से इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

## भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय जलविद्युत परियोजना का शिलान्यास / ग्राउंड ब्रेकिंग




भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 मार्च 2024 को ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में आयोजित एक शानदार समारोह में एनएचपीसी की 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (अरुणाचल प्रदेश)का शिलान्यास / ग्राउंड ब्रेकिंग हुआ। इस समारोह में अरुणाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाईक,अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू और अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चोवना मेन भी उपस्थित थे।

2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले में मुनली गांव के पास स्थित है। इस परियोजना में 278 मीटर ऊंचा बाँध बनेगा जो भारत का सबसे ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध होगा। इस बाँध को रोलर कॉम्पैक्ट कंक्रीट तकनीक से बनाने की योजना है और आरसीसी बाँध के रूप में यह दुनिया का सबसे ऊंचा आरसीसी बाँध होगा। दिबांग बाँध का लक्ष्य है कि एक महीने में 5 लाख क्यूबिक मीटर से अधिक कंक्रीट की पीक बनाई जाए, जो दुनिया में पहली बार होगी।

यह परियोजना सालाना 11223 मिलियन यूनिट जलविद्युत का उत्पादन करेगी, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा है और इसे उत्तरी ग्रिड में फीड किया जाएगा। परियोजना की निर्माण अवधि 108 महीने है और इसे फरवरी 2032 में कमीशन किया जाना निर्धारित है। परियोजना में निर्माण चरण के दौरान 500 व्यक्तियों को और प्रचालन के दौरान 300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इसके अलावा, परियोजना में निर्माण चरण के दौरान 5000 व्यक्तियों को और प्रचालन के दौरान 500 व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश राज्य को 12% निशुल्क विद्युत और राज्य के विकास हेतु स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए अतिरिक्त 1% निशुल्क विद्युत प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य और देश को नेट ज़ीरो लक्ष्य की दिशा में अपनी यात्रा की मंजिल को हासिल करने में सक्षम बनाएगी।

इस परियोजना को विद्युत उत्पादन के साथ बाढ़ नियंत्रण के प्रमुख उद्देश्य के लिए एक भंडारण परियोजना के रूप में डिज़ाइन किया गया है । बाढ़ नियंत्रण के उद्देश्य से, मानसून में जलाशय को एफआरएल (पूर्ण जलाशय स्तर) के स्तर से नीचे रखते हुए 1282.60 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) की क्षमता का निर्माण किया जाएगा।

## एनएचपीसी द्वारा हिन्दी कवि सम्मेलन का आयोजन




एनएचपीसी ने निगम में राजभाषा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से 14 मार्च 2024 को अपने निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद में एक भव्य हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। श्री आर.पी. गोयल, सीएमडी, एनएचपीसी ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन किया। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कवि सम्मेलन के दौरान श्रीमती गायत्री गोयल एवं महिला कल्याण संघ की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर एनएचपीसी के सीएमडी, श्री आर.पी. गोयल ने सभी कवियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि एनएचपीसी कार्मिक विभिन्न पृष्ठभूमि से आते हैं एवं विभिन्न भाषाएं बोलते हैं तथा हिंदी सभी को एक समान लक्ष्य की ओर एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने यह भी कहा कि होली के हर्षोल्लास और मस्ती भरे त्यौहार का स्वागत करने के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है ।

कवि सम्मेलन के दौरान श्री प्रताप फौजदार, श्रीमती अनामिका जैन 'अम्बर', श्री प्रवीण शुक्ला, श्री दीपक गुप्ता, श्रीमती मुमताज नसीम, श्री गौरव चौहान तथा श्री राजेश अग्रवाल सहित प्रसिद्ध कवियों द्वारा विभिन्न काव्य रसों पर आधारित कविता प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति और सामाजिक मुद्दों से संबंधित प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



एनएचपीसी ने 20 से 21 मार्च 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में 21 मार्च, 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में महिला कार्मिकों को सम्मानित किए जाने के साथ–साथ सुश्री संध्या स्वामी (आईपीएस), एडिशनल डीसीपी–I] उत्तर पश्चिम दिल्ली का एक व्याख्यान व 20 मार्च 2024 को आयोजित 'अन्विथा' आउटबाउंड प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल था। श्री आर.पी. गोयल, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी 21 मार्च 2024 को अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कार्मिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान, सुश्री संध्या स्वामी (आईपीएस), एडिशनल डीसीपी–I] उत्तर पश्चिम दिल्ली ने महिला सशक्तिकरण और वर्क लाइफ बैलेंस पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने बेहतर कार्य निष्पादन के लिए मानसिक और शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। समारोह के एक भाग के रूप में, एनएचपीसी ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी पेपर प्रस्तुतियों तथा सामाजिक विधिक सेवाओं और एनएचपीसी के वित्तीय लाभ में विशेष भूमिका निभाने वाली महिला कार्मिकों को सम्मानित किया। इन महिला कार्मिकों में सुश्री ए. नलिनी, सुश्री अदिति बिष्ट, सुश्री लिया जॉर्ज, सुश्री कंचना देवी, डॉ. पिंकी कुमारी रॉय, सुश्री डॉली सिंह, सुश्री रेयो हाले , सुश्री केंगम बुची, सुश्री मिकबॉम नाडा, सुश्री कल्पना रानी जैन, सुश्री राधा गुप्ता, सुश्री सीमा शर्मा, सुश्री नेहा गुप्ता, सुश्री संतोष शर्मा, सुश्री मंजूषा मिश्रा, सुश्री पल्लवी खन्ना, सुश्री पायल ताराचंद टेकचंदानी और सुश्री भावना शामिल थीं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 समारोह में महिला कार्मिकों के लिए आयोजित 'अन्विथा' आउटबाउंड प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल था। यह कार्यक्रम एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक), श्री उत्तम लाल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एनएचपीसी के प्रशिक्षण व मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा संचालित एक विशेष पहल थी। 'अन्विथा ' कार्यक्रम का आयोजन फन एंड लर्निंग के माध्यम से एनएचपीसी महिला कार्मिकों के बीच जुड़ाव की भावना पैदा करने और उन्हें एनएचपीसी के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के संबंध में एक विशेष पहल थी।

# एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), जम्मू-2 (कार्यालय) की बैठक का आयोजन



एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू–2 (कार्यालय) की वर्ष 2023–24 की दूसरी अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 19.03.2024 को श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, ओएंडएम यूनिट-I, जम्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री राजन जैयरथ, महाप्रबंधक (सिविल), डॉ. रणवीर सिंह राठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री विजय शिवगोत्रा, निदेशक, भारतीय भूविज्ञानिक सर्वेक्षण, श्रीमती रजनी शर्मा, आयकर विभाग, जम्मू एवं सदस्य कार्यालय के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन करके किया गया। बैठक की शुरुआत सदस्य कार्यालयों के स्वागत एवं उनके परिचय के साथ हुई। सदस्य सचिव, नराकास श्री पे. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने अपने स्वागत सम्बोधन में नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा गत छमाही के दौरान राजभाषा हिंदी में किए गए कार्यों पर चर्चा की। सदस्य कार्यालयों ने इस समीक्षा बैठक में राजभाषा कार्य संबंधी अपने विचारों को रखा और इसे और अधिक बढ़ाने हेतु प्रयास करते रहने के लिए कहा। तत्पश्चात् श्री कुलदीप कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा), सदस्य सचिव, नराकास, रियासी ने सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत गत तिमाही प्रगति रिपोर्टों पर मदवार समीक्षा। इसके अतिरिक्त राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2024–25 के वार्षिक कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित कुछ सदस्यों ने अपने विचार एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उप विजेता टीम को सिल्वर तथा विजेता टीम को गोल्ड मैडलों से अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नराकास–2 के कार्यालय सदस्यों हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, बैठक में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया।

नराकास जम्मू–2 के अध्यक्ष, श्री सुप्रकाश अधिकारी ने अपने संबोधन में नराकास द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे और बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा हिंदी में काम को किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना है अपितु, हर क्षेत्र में हिंदी कार्य बढ़ाना है और हिंदी में काम करना हम सबका नैतिक और संवैधानिक दायित्व भी है तथा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी को गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे।

## क्षेत्रीय कार्यालय,जम्मू मे 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2024 को हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक महोदय ने कार्यालय परिसर के प्रांगण मे राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जन समूह के साथ राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।

श्री सुप्रकाश अधिकारी जी ने इस अवसर पर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को राष्ट्र निर्माण मे अपनी भुमिका सार्थक तरीके से निभानी होगी। हमे निगम और देश के विकास अपना कार्य जिम्मेदारी और ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने विश्व के सबसे बड़े संविधान के माध्यम से जिस विकसित भारत का सपना देखा है, उसे साकार करने के लिए हमें अथक प्रयास करने होंगे। उन्होने सभी कर्मचारियों को उनके समर्पण भाव से काम करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें निगम के लिए और अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुरक्षाकर्मियो का क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू में गणतंत्र



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

दिवस समारोह 26 जनवरी 2024 को हर्षोल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक महोदय ने कार्यालय परिसर के प्रांगण मे राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जन समूह के साथ राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।



श्री सुप्रकाश अधिकारी जी ने इस अवसर पर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को राष्ट्र निर्माण मे अपनी भूमिका सार्थक तरीके से निभानी होगी। हमे निगम और देश के विकास अपना कार्य जिम्मेदारी और ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने विश्व के सबसे बड़े संविधान के माध्यम से जिस विकसित भारत का सपना देखा है, उसे साकार करने के लिए हमें अथक प्रयास करने होंगे। उन्होने सभी कर्मचारियों को उनके समर्पण भाव से काम करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें निगम के लिए और अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।
इस अवसर पर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुरक्षाकर्मियो को कार्यपालक निदेशक महोदय ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कार्मिको, कार्मिको के परिवार के सदस्यो और सुरक्षाकर्मियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर श्री राजन जैरथ, महाप्रबंधक (सिविल), श्री पे. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अधिकारी एवं कर्मचारी गण व उनके परिवार के सदस्यगण, सुरक्षा कर्मी एवं सहयोगी स्टाफ भी उपस्थित थे।

## सलाल पावर स्टेशन

### "ज्ञानांकन" The Business Quiz Competition में सलाल पावर स्टेशन की टीम को तृतीय स्थान





एनएचपीसी निगम मुख्यालय फरीदाबाद में "ज्ञानांकन" The Business Quiz Competition का आयोजन किया गया। सेमी फ़ाइनल में एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं, पावर स्टेशनों तथा कार्यालयों आदि से 12 टीमों ने प्रतिभागिता की, जिसमें 06 टीम आगे फ़ाइनल में शिरकत किया। खिताबी मुकाबले में सलाल पॉवर स्टेशन में पदस्थ श्री विजय सिंह, प्रबंधक (यांत्रिक) एवं श्री देवनंदन कुमार, उप प्रबंधक (विद्युत) की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर सलाल पावर स्टेशन की टीम को श्री आर.पी. गोयल, एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) महोदय ने शील्ड, प्रमाण पत्र और रु.10,000‑ के नकद पुरस्कार के सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री अनीष गौरहा, सलाल पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने टीम की सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व निगम मुख्यालय में ऑनलाइन क्विज के माध्यम से शीर्ष 12 टीमों का चयन किया गया। सेमी फाइनल एवं फाइनल का आयोजन निगम मुख्यालय फ़रीदाबाद में किया गया।

## कवि सम्मेलन का आयोजन



एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 17 फरवरी 2024 को रामलीला मैदान, ज्योतिपुरम में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि, श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक महोदय, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने दीप प्रज्वलित कर के किया। कवि सम्मेलन के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विशेष पॉल महाजन, उपायुक्त–रियासी भी आयोजन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अथिति श्री रजनीश अग्रवाल, ग्रुप महाप्रबंधक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू, सलाल पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, सलाल पावर स्टेशन में पदस्थ महाप्रबंधक (विद्युत) श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (ईएंडसी) श्री सत्यवान तथा महाप्रबंधक (विद्युत) श्रीमती पूनम झा भी उपस्थित रहीं। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत एनएचपीसी गान की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

स्वागत् संबोधन में सलाल पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने सभी अतिथियो और कवियों का स्वागत करते हुए सभी से इस प्रकार के आयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु कवि सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संबोधन में, दैनिक जीवन की आपाधापी के बीच के ऐसे सार्थक आयोजन कराने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ साहित्य के प्रति हमारा रूझान बढ़ता है, बल्कि हमें प्रसन्नचित्त रहते हुए कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है।

कवि सम्मेलन के दौरान आमंत्रित कविगण श्री सर्वेश अस्थाना, श्री प्रियांशु गजेन्द्र, सुश्री पद्मिनी शर्मा, श्री विशाल बाग़ तथा श्री उपेन्द्र पाण्डेय ने काव्य के विभिन्न रसों से श्रोताओं का मन मोह लिया। मीडिया से बात करते हुए पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों की सार्थकता पर बल दिया। अंत में श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएंडसी) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, मीडिया बन्धुओं और अन्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 6 मार्च 2024 को निगम की सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत रियासी जिले के दसानु गाँव में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में दसानु और आसपास के इलाकों से आए 256 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य अनिवार्य परीक्षण किए गए और दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन द्वारा ग्रमीण महिलाओं में 500 सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए गए।

चिकित्सा शिविर का उद्घाटन श्री जितेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), वरिष्ठ महिलाएं, डॉ. राकेश रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संतोष कुमार, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धीरज शर्मा, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सलाल पॉवर स्टेशन के ज़ोरावर अस्पताल के पैरामेडिक स्टॉफ की टीम भी उपस्थित रही। इस एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों नें मरीज़ों की विभिन्न समस्याओं को सुना और आवश्यक परामर्श भी दिए।




एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 30 मार्च 2024 को निगम की सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत रियासी जिले के खैरल गाँव के राजकीय मिडिल स्कूल में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में खैरल और आसपास के इलाकों से आए 237 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य अनिवार्य परीक्षण किए गए और दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन द्वारा ग्रमीण महिलाओं में 750 सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी) ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ महिलाएं, डॉ. राकेश रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पूजा गुप्ता, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संतोष कुमार, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धीरज शर्मा, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सलाल पॉवर स्टेशन के ज़ोरावर अस्पताल के पैरामेडिक स्टॉफ की टीम भी उपस्थित रही। इस एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों नें मरीज़ों की विभिन्न समस्याओं को सुना और आवश्यक परामर्श भी दिए। शिविर के आयोजन पर सलाल पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, महाप्रबंधक (प्रभारी) ने पावर स्टेशन के निकट सुदूरवर्ती गाँवों में लगातार चौथे चिकित्सा शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।




एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 19 मार्च 2024 को निगम की सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत रियासी जिले के कोटला गाँव के राजकीय उच्च विद्यालय में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में कोटला और आसपास के इलाकों से आए 363 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य अनिवार्य परीक्षण किए गए और दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन द्वारा ग्रमीण महिलाओं में 500 सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। चिकित्सा शिविर का उद्घाटन श्री जितेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), वरिष्ठ महिलाएं, डॉ. राकेश रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पूजा गुप्ता, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संतोष कुमार, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धीरज शर्मा, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा सलाल पॉवर स्टेशन के ज़ोरावर अस्पताल के पैरामेडिक स्टॉफ की टीम भी उपस्थित रही। इस एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों नें मरीज़ों की विभिन्न समस्याओं को सुना और आवश्यक परामर्श भी दिए।

शिविर के आयोजन पर सलाल पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, महाप्रबंधक (प्रभारी) ने पावर स्टेशन के निकट सुदूरवर्ती गाँवों में इस प्रकार के चिकित्सा शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होनें इस बात का पुन: उल्लेख किया कि एनएचपीसी अपने प्रतिष्ठानों के आस–पास के क्षेत्रों में जनता के हित में विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके तहत भविष्य में भी आवश्यकतानुसार जिला प्रशासन एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम/शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## उपायुक्त, रियासी का दौरा



श्री विशेष पॉल महाजन, जेकेएएस, उपायुक्त रियासी ने दिनांक 16.01.2024 को एनएचपीसी सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया। सलाल पावर स्टेशन पहुँचने पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री अनीष गौरहा, महाप्रबंधक (प्रभारी) महोदय ने शॉल व पौधा भेंट कर उपायुक्त महोदय का स्वागत् किया। श्री जितेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (तकनीकी), श्रीमती पूनम झा, महाप्रबंधक (विद्युत) तथा सलाल पावर स्टेशन के अन्य अधिकारियों ने भी गर्मजोशी के साथ उपायुक्त महोदय का स्वागत् किया। इस दौरान उपायुक्त महोदय के साथ श्री दीपक दुबे, जेकेएएस, एसडीएम, कटड़ा भी उपस्थित थे।

बांध के दौरे के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने उपायुक्त महोदय को बांध के विभिन्न घटकों से अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने बांध नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया। इसके पश्चात उन्होंने पॉवर हाऊस का दौरा किया वहाँ पर चल रहे विद्युत उत्पादन तथा मशीनों के रख–रखाव संबंधी कार्यों का विस्तृत जायज़ा लिया। उपायुक्त महोदय नें पावर स्टेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी और सभी से आग्रह किया कि एनएचपीसी तथा राष्ट्र हित में अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहें।

## गणतंत्र दिवस 2024 का भव्य आयोजन



सलाल पावर स्टेशन, ज्योतिपुरम में दिनांक 26.01.2024 को भारतवर्ष का "75वां गणतंत्र दिवस" बड़े हर्षोल्लास के साथ रामलीला ग्राऊण्ड में मनाया गया। कार्यक्रम में सलाल पावर स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों और केंद्रीय विद्यालय व प्ले स्कूल के बच्चों व शिक्षकों तथा संविदा पर कार्यरत कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनीष गौरहा, प्रमुख सलाल पावर स्टेशन ने ध्वज फहराकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ़ की टुकड़ी, केंद्रीय विद्यालय ज्योतिपुरम के छात्र–छात्राओं और स्काऊट कैडटस द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सलाल पावर स्टेशन में सभी प्रमुख भवनों पर दीपमालाएं लगाकर रोशनी की गई। विशेष तौर पर सलाल बांध को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, ज्योतिपुरम के छात्र–छात्राओं, प्ले स्कूल के बच्चों और एनएचपीसी परिवार के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त सीआईएसएफ़ के जवानों के द्वारा हथियार प्रदर्शन ड्रिल प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) महोदय, एनएचपीसी द्वारा निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से ऑनलाईन लाईव वेबकास्ट के माध्यम से निगम के सभी कार्मिकों को संबोधित किया गया।

सलाल पावर स्टेशन में पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माताओं को याद किया और विभिन्नताओं के देश को एक लोकतांत्रिक ढांचे में पिरोकर रखने के लिए उन्हें नमन किया। उन्होनें एनएचपीसी द्वारा स्थानीय विकास में लगातार भागीदारी करते हुये सदा ही राष्ट्र के प्रगति में योगदान देने की बात दोहराई। साथ ही उन्होंने पावर स्टेशन द्वारा की जा रही सीएसआर गतिविधियों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उन्होंने गत दिनों आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त, सीआईएसएफ के बेस्ट परफार्मिंग जवानों को उनके निष्ठापूर्वक ड्यूटी के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही परेड में भाग लेने वाले सीआईएसएफ़ के जवानों, केन्द्रीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्री सत्यवान द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सलाल पावर स्टेशन में पदस्थ महाप्रबंधक (विद्युत), श्री जितेन्द्र कुमार, सहायक कमान्डेन्ट–सीआईएसएफ, श्री शिव पूरन, प्राचार्य–केन्द्रीय विद्यालय, श्री प्रेम नाथ चाकी, वरिष्ठ महिलाएं, एनएचपीसी व सीआईएसएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण तथा केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित थे ।

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र की कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के साथ औपचारिक भेंट ।

श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र नें दिनांक 10.01.2024 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का दौरा किया तथा श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के साथ संक्षिप्त औपचारिक भेंट की।

श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय नें श्री डी.एस. ठाकुर, माननीय विधानसभा सदस्य का क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में आगमन पर पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय विधानसभा सदस्य श्री डी.एस. ठाकुर नें कार्यपालक निदेशक महोदय के साथ चर्चा के दौरान बनीखेत क्षेत्र के विकास में एनएचपीसी के योगदान की सराहना की। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक महोदय नें माननीय श्री डी.एस. ठाकुर को एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा निगमीय सामाजिक दायित्व व सतत विकास योजना (CSR & SD) के तहत बनीखेत व इसके आसपास किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बारे में अवगत करवाया तथा कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड हमेशा से ही चंबा जिले में स्थित विभिन्न परियोजनाओं के आसपास स्थित क्षेत्रों के विकास हेतु तत्पर व प्रयासरत रहता है।



उक्त भेंट के दौरान माननीय विधानसभा सदस्य श्री डी.एस. ठाकुर के साथ श्री सिद्धार्थन, श्री तिलक राज व अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा निर्मित पुलिया का कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा लोकार्पण




एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा ग्राम पंचायत बनीखेत एवं स्थानीय लोगों के अनुरोध पर सत्य साईं पब्लिक स्कूल बनीखेत के नजदीक डीएवी कॉलेज रोड पर कुल रुपए 7.11 लाख रुपए की लागत से पुलिया (Culvert) का निर्माण करवाया गया। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्यपालक निदेशक महोदय श्री काजल साहा नें दिनांक 06.01.2024 को श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री यू. एस. छेत्री, उप महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), श्री राजेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत बनीखेत के प्रधान, उप प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिती में इस पुलिया का उदघाटन करके लोगों को समर्पित किया। बनीखेत मुख्य बाज़ार से पद्धर क्षेत्र को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क पर पुलिया के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत बनीखेत के प्रधान, उप प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों एवं स्थानीय लोगों नें कार्यपालक निदेशक महोदय का आभार प्रकट किया और इस जनहित कार्य के लिए एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की प्रशंसा की। पुलिया के लोकार्पण के अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान व पंचायत सदस्यों नें श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय को हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक शाल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत स्थानीय क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है।

## क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 26 जनवरी 2024 को देश का 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित समारोह में सर्वप्रथम श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया तथा इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, हिमपेस्को के जवानों तथा संविदा कार्मिकों नें राष्ट्रगान गया। ध्वजारोहण के उपरांत कार्यपालक निदेशक महोदय नें समारोह में उपस्थित एनएचपीसी के कार्मिकों, हिमपेस्को के जवानों तथा संविदा कार्मिकों को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें सर्वप्रथम उपस्थित लोगों को भारत के 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कार्यपालक निदेशक महोदय नें देश के गणतन्त्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी कार्मिकों को देश के प्रति अपने दायित्वों को ईमानदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया।

अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें आगे कहा की एनएचपीसी लिमिटेड देश की प्रगति के लिए आवश्यक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में वर्ष 1975 से निरंतर व निर्बाध रूप से अपना योगदान दे रही है तथा एनएचपीसी के कर्मठ कार्मिकों के कठिन परिश्रम की बदौलत आज एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा कुल 24 पावर स्टेशनों के माध्यम से 7071.2 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अंतर्गत आने वाले पावर स्टेशनों द्वारा 1371 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है जो की एनएचपीसी के कुल उत्पादन का 19.38% है। उन्होने इस अवसर पर यह भी कहा की बिजली एक महत्वपूर्ण संसाधन है तथा हम सबको इसकी बचत करनी चाहिए क्यूंकि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। उन्होने सभी कार्मिकों से ऑफिस व घर पर बिजली की खपत कम करने व आवश्यकतानुसार ही बिजली का उपयोग करने का आह्वान किया।

वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान निगमीय सामाजिक दायित्व व सतत विकास योजना के अंतर्गत (CSR & क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा किए गए कार्यों के बारे में अवगत



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited




करवाते हुए कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा की बनीखेत, खैरी व सुरंगनी में 145 स्थानीय महिलाओं/लड़कियों को ब्युटी कल्चर, कटिंग टेलरिंग व ड्रेस मेकिंग तथा कम्प्युटर सर्टिफिकेट कोर्स करवाए गए हैं तथा प्रशिक्षण प्राप्त अधिकांश महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित कर रही हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त CSR & SD के अंतर्गत विभिन्न स्थानीय कॉलेज व स्कूलों में मरम्मत, रेलिंग लगाने का कार्य, आरओ जल संयंत्र की स्थापना, बोरवेल लगाने का कार्य तथा बनिखेत के पद्धर रोड पर पुलिया का निर्माण आदि कार्य भी करवाए गए हैं।

सम्बोधन के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के आने वाले पावर स्टेशनों में चल रहे वार्षिक रख–रखाव के कार्य पर भी संतोष जताया तथा कहा की पावर स्टेशनों में तैनात कार्मिकों की निरंतर प्रयासों से क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन सभी पावर स्टेशनों में फ़रवरी माह के प्रथम सप्ताह तक वार्षिक रख रखाव का कार्य पूर्ण कर लिए जाएगा।

अंत में कार्यपालक निदेशक महोदय नें उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, हिमपेसको के जवानों तथा संविदा कार्मिकों को 75वें गणतन्त्र दिवस की पुनः बधाई दी तथा सभी से मेहनत व लग्न के साथ अपना कार्य करके एनएचपीसी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु प्रोत्साहित किया। इसी अवसर पर निगम मुख्यालय से गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा निगम के सभी कार्मिकों को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से सम्बोधन को क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों द्वारा प्रेक्षागृह में देखा गया। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक महोदय श्री काजल साहा के साथ साथ महाप्रबंधक (सिविल) श्री अमरीक कुमार, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, हिमपेस्को के जवान, संविदा कर्मी तथा प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) उपस्थित थे।

## सीएसआर और एसडी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नगाली, जिला-चंबा में आरओ जल संयंत्र की स्थापना




एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नगाली, जिला चंबा (हि.प्र.) में 80 एलपीएच क्षमता का एक आरओ जल संयंत्र स्थापित किया गया है। उक्त जल संयंत्र दिनांक 10.01.2024 को श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत द्वारा श्री जगजीत सिंह, प्रिंसिपल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नगाली को सौंपा गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें स्थानीय विकास के प्रति एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा निरंतर प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक महोदय नें यह भी कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद के साथ साथ पढ़ाई में निरंतर मेहनत व कठिन परिश्रम करते रहना चाहिए क्योंकि मेहनत व निरंतर प्रयास से ही जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर श्री जगजीत सिंह, प्रिंसिपल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नगाली व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों नें स्कूल में उक्त जल संयंत्र की स्थापना के लिए कार्ययालक निदेशक महोदय क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का धन्यवाद किया और एनएचपीसी द्वारा चंबा जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री यूएस. छेत्री, उप महाप्रबंधक (सिविल), श्री संजय वशिष्ट, समूह वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल), डॉ. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक(मानव संसाधन), एनएचपीसी के अन्य अधिकारी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली का स्टाफ व बच्चे तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

## CSR & SD योजना के तहत व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार किट्स का वितरण

एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रमुख श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक नें दिनांक 19.02.2024 को योग मानव विकास ट्रस्ट, बनीखेत में वर्ष 2023–24 के दौरान एनएचपीसी द्वारा निगमीय सामाजिक दायित्व तथा सतत विकास (CSR & SD) योजना के तहत प्रायोजित व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार किट्स वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह के दौरान श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय नें योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा तथा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा की उपस्थिती में वर्ष 2023–24 के दौरान योग मानव विकास ट्रस्ट से (एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित) Beauty Culture & Hair Care कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तीर्ण हो चुकी 28 स्थानीय लड़कियों/महिलाओं को प्रमाण पत्र व स्वरोजगार किट्स वितरित किए।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत सीानीय लोगों विशेषकर युवतियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से सीएसआर व एसडी योजना के अंतर्गत विभिन्न स्व–रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाता रहता है तथा इसी उद्देश्य के तहत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा वर्ष 2023–24 के दौरान CSR & SD योजना के अंतर्गत योग मानव विकास ट्रस्ट के माध्यम से स्थानीय लड़कियों व महिलाओं को Beauty Culture & Hair Care का कोर्स करवाया गया जिससे की वे अपना स्वरोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें। सम्बोधन के दौरान क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक महोदय नें प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी लड़कियों/महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा जताई की प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओ व लड़कियों को प्रदान की गई किट्स उनको स्वरोजगार शुरू करने में काफी मदद करेगी।

उपरोक्त कार्यक्रम में वर्ष 2023–24 के दौरान Beauty Culture & Hair Care विषय में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी प्रशिक्षुओं नें उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एनएचपीसी लिमिटेड का आभार जताया और कहा की उक्त प्रशिक्षण से उन्हें निश्चित रूप से स्वरोजगार शुरू करने में काफी मदद मिलेगी तथा वे आर्थिक रूप



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



से अपने परिवार की मदद करने में सक्षम होंगी। उन्होने उक्त प्रशिक्षण व स्वरोजगार किट्स के लिए एनएचपीसी लिमिटेड तथा योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत का धन्यावाद व्यक्त किया।

उक्त समारोह में श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के साथ साथ श्रीमती किरण डोडेजा, अध्यक्षा, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत, श्री एस.के. डोडेजा, मुख्य संरक्षक, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत, श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मा.सं.) तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

### एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों ने दिनांक 26.01.2024 को कार्यालय परिसर सेक्टर 31। में 75वाँ गणतंत्र दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री रजब हुसैन , महाप्रबंधक (वित्त) श्री संजय वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।




गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा तिरंगा फहराह कर की गई तत्पश्चात् उपस्थित समस्त कर्मियों द्वारा राष्ट्रगान एवं तिरंगे को सलामी दी गई। श्श्रीमती रूबी रैना ने अपने संबोधन में निष्ठा से कार्य कर के देश को प्रगतिशील एवं सशक्त बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### मैक्स हॉस्पिटल मोहाली के सौजन्य से बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) प्रशिक्षण का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ सेक्टर 31-A में कार्यरत कार्मिकों के लिए दिनांक 12.02.2024 (सोमवार) को मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली के सौजन्य से बेसिक लाइफ सपोर्ट विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मैक्स हॉस्पिटल मोहाली से डॉ.जगदीप सिंह, BLS प्रशिक्षक ने व्याख्यान दिया एवं प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन देकर सभी कार्मिकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की विभिन्न तौर तरीके एवं इसकी महत्वता की जानकारी दी।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, श्री निर्मल सिंह ने मैक्स मोहाली से आये इंस्ट्रक्टर का इस महतवपूर्ण विषय पर व्याख्यान एवं डेमोंस्ट्रेशन देने हेतु आभार व्यक्त किया एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली के श्री अमित धवन, जन संपर्क अधिकारी भी उपस्थित थे एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्योतिर्मय जैन, महाप्रबंधक (तकनिकी) श्री रजब हुसैन भी उपस्थित थे।

### मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा

एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने दिनांक 27.02.2024 (मंगलवार) को क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ का दौरा किया। इस दौरान कार्यालय परिसर आगमन पर महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना ने मुख्य सतर्कता अधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं महाप्रबन्धक (विद्युत) श्री रजब हुसैन ने शाल–टोपी पहना कर अभिनंदन किया।



इस दौरे के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ बैठक की एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिनस्थ विभिन्न परियोजनाओं/पॉवर स्टेशन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं मार्ग दर्शन किया । इस अवसर पर उप महाप्रबंधक श्री प्रणव कुमार मिश्रा, एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण–II में पदस्थ डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय का योनेक्स सनराइज हिमाचल प्रदेश मास्टर्स स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 में शानदार प्रदर्शन

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II में पदस्थ वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय ने हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन (भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन से संबद्ध) के तत्वावधान में दिनांक 19 फ़रवरी 2024 से 21 फ़रवरी 2024 तक धर्मशाला में आयोजित किए गए योनेक्स सनराइज हिमाचल प्रदेश मास्टर्स स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप–2024 में शानदार प्रदर्शन किया। डॉक्टर पिंकी रॉय ने महिला युगल 35+ वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और महिला एकल 45+ वर्ग में रजत पदक जीता। इस उपलब्धि में परियोजना के प्रमुख श्री एम के कश्यप ने डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय को बधाई दी और भविष्य में भी खेल प्रतिस्पर्धाओं में एनएचपीसी का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।




## पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के परियोजना प्रमुख श्री एम के कश्यप की ज़िला कुल्लू के पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन से शिष्टाचार भेंट



पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के परियोजना प्रमुख श्री एम के कश्यप ने ज़िला कुल्लू के पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन से दिनांक 21 फ़रवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कुल्लू में शिष्टाचार भेंट की। श्री एम के कश्यप ने पुलिस अधीक्षक को प्लांटर भेंट कर तथा कुलल्वी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने श्री कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को परियोजना में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया और परियोजना द्वारा सीएसआर से संबन्धित किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की। इस दौरान परियोजना के श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मा.सं.) उपस्थित रहे।

## पार्बती परियोजना चरण–II में पदस्थ डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय का अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम की एथलेटिक टीम में बेहतरीन प्रदर्शन।



पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में बीबीएमबी द्वारा नंगल (पंजाब) टॉउनशिप में दिनांक 04 से 05 मार्च 2024 तक आयोजित किए गए 13वें अंतर केन्द्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम महिला एवं पुरुष एथलेटिक टूर्नामेंट में पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II में पदस्थ वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर रॉय ने 4X100 मीटर रिले रेस में रजत पदक, 200 मीटर और 8 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर परियोजना के प्रमुख श्री एम के कश्यप, श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक) और अन्य अधिकारीयों ने भी डॉक्टर पिंकी कुमारी रॉय को बधाई दी और भविष्य में भी खेल प्रतिस्पर्धाओं में एनएचपीसी का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II ने मनाया 75वां गणतंत्र दिवस।



एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II ने बड़े हर्षोल्लास से 75वां गणतन्त्र दिवस मनाया। श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख ने कार्यालय परिसर,नगवाई में राष्ट्रध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। इस दौरान परियोजना प्रमुख महोदय ने परियोजना की सुरक्षा में लगे सैनिको की परेड की सलामी ली। श्री निर्मल सिंह ने सभी कार्मिकों, सुरक्षगार्ड, महिलाओ एवं बच्चों को 75वें गणतन्त्र दिवस पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान ही भारत की सभी जाति और वर्ग के लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़े रखता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया, क्योंकि 1930 में इसी दिन कांग्रेस के अधिवेशन में भारत को पूर्ण स्वराज की घोषणा की गई थी।

उन्होने कहा कि एनएचपीसी की पार्वती-II जल विद्युत परियोजना राष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख परियोजना है, जो कि निर्माण के अंतिम चरण में है। परियोजना में कार्यरत सभी कर्मचारियों/अधिकारियों के अथक प्रयास के फलस्वरूप यह परियोजना अब शीघ्र ही Commissioning की तरफ अग्रसर है।

गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य पर कार्मिकों के बच्चों व परिवार के सदस्यों ने देश भक्ति गीत एवं अपनी प्रस्तुति दी। कार्यपालक निदेशक महोदय ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। अंत में श्री राजीव अनुज शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II के परियोजना प्रमुख श्री एम के कश्यप की हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव से मुलाकात ।



पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के परियोजना प्रमुख, समूह महाप्रबंधक श्री एम के कश्यप ने दिनांक 05 मार्च 2024 को हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव, माननीय श्री सुंदर सिंह ठाकुर से कुल्लू में शिष्टाचार भेंट की। श्री एम के कश्यप ने मुख्य संसदीय सचिव को कुलव्वी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने श्री सुंदर सिंह ठाकुर को परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी दी और परियोजना द्वारा सीएसआर से संबन्धित किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की । इस दौरान परियोजना से श्री अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मा.सं.) भी उपस्थित रहे।

## पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण–II के परियोजना प्रमुख की उपायुक्त कुल्लू श्रीमति तोरुल एस रवीश से शिष्टाचार भेंट




पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II के परियोजना प्रमुख श्री एम. के. कश्यप ने उपायुक्त कुल्लू श्रीमती तोरुल एस रवीश से दिनांक 06.02.2024 को उपायुक्त कार्यालय कुल्लू में शिष्टाचार भेंट की। श्री एम. के. कश्यप ने श्रीमती तोरुल एस रवीश को प्लांटर भेंट कर कुल्लवी शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। परियोजना प्रमुख महोदय ने उपायुक्त कुल्लू को परियोजना में चल रहे कार्यो के बारे में बताया। उन्होने उपायुक्त कुल्लू को परियोजना के दौरे के लिए भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर परियोजना के श्री अंगद कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल) उपस्थित रहे।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# टनकपुर पावर स्टेशन



टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 26 जनवरी 2024 को भारत के 75वें गणतन्त्र दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत श्री राजिल व्यास, पावर स्टेशन प्रमुख, द्वारा एनएचपीसी प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वजारोहण और राष्ट्रीयगान के साथ हुई। इस शुभ अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं एनएचपीसी केंद्रीय विद्यालय–2 के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च–पास्ट एवं परेड का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समारोह के दौरान माननीय निदेशक (वित्त) श्री आर. पी. गोयल, के उत्साहवर्धक संबोधन–भाषण का भी वेबकास्टिंग के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। माननीय निदेशक (वित्त) महोदय ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनायें दी और उज्वल भविष्य की कामना करते हुये सभी कर्मचारियों से एनएचपीसी एवं देश हित मे कार्य करने की अपील की ताकि हम निरन्तर देश की तरक्की में अपना हाथ बटाते रहें।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा एनएचपीसी परिवार, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय विद्यालय परिवार व स्थानीय जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए 75 वें गणतन्त्र दिवस की बधाई दी और बताया कि आज ही के दिन, सन 1950 में हमें हमारा संविधान प्राप्त हुआ था। यह शुभ दिन, हम सभी के लिए राष्ट्रीय पर्व के साथ–साथ गौरव और सम्मान का दिन भी है क्योंकि यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का महापर्व है, हम सभी का परम कर्तव्य है कि हम आपसी भेदभाव एवं वैमनस्य को भुलाकर देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखें।

अपने सम्बोधन में श्री व्यास जी ने उल्लेख किया कि एनएचपीसी लिमिटेड ने अपनी यात्रा 7 नवम्बर 1975 को शुरू की थी और आज एनएचपीसी ने जल विद्युत उत्पादन द्वारा देश में अपना अग्रणी स्थान कायम रखा है। आप सभी के सहयोग एवं कड़ी मेहनत के फलस्वरूप आज एनएचपीसी लिमिटेड भारत में जलविद्युत विकास के लिए सबसे बड़ा संगठन है। पिछले कुछ सालो में, एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में विविधीकरण किया है तथा च्नउचमक ेजवतंहम योजनाओं के विकास क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। इसके अलावा, हमारी कंपनी ने Green Hydrogen के क्षेत्र मे चपसवज चतवरमबजे पर भी कार्य कर रही है। भारत के अलावा, एनएचपीसी लिमिटेड के पास उपलब्ध विशेषज्ञता का उपयोग पड़ोसी देशों में जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए किया जा रहा है। भूटान, म्यांमार, नेपाल और ताजिकिस्तान जैसे देशों में हमने हाइड्रो पावर परियोजनाओं के लिए परामर्शी सेवाएं दी हैं।

टनकपुर पावर स्टेशन को त्नद व्जिीम तपअमत योजना के तहत, इसकी प्रभावी कुशल गतिविधियों और उत्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर श्री व्यास जी ने सभी को बधाई देते हुए बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में टनकपुर पावर स्टेशन का विद्युत उत्पादन का लक्ष्य मिलियन यूनिट 522 था और वास्तव मे मिलियन यूनिट 534.9 जनरेशन किया है, जबकि PAF का लक्ष्य 70% था जिसके सापेक्ष 86.17% प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि के लिए पावर स्टेशन के सभी अधिकारी व कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बधाई के पात्र है। श्री व्यास जी ने बताया कि एनएचपीसी के उज्जवल भविष्य में ही हम सबका भविष्य निहित है। हमारा भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब हम सब एकजुट हो कर आगे बढ़ेंगे और दृढ़विश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा अपने कौशलता में बढ़ोत्तरी करेंगे। इस अवसर पर उन्होने सभी से आह्वान किया कि निरंतर मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने कार्यों को पूरा करें और राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में अपना हरसंभव योगदान दें, ताकि देश दिन दौगुनी और रात चौगुनी उन्नति करे।

इस शुभ अवसर पर केंद्रीय विद्यालय–2, बनबसा के छात्र दृ छात्राओं द्वारा एवं प्रोजेक्ट नर्सरी स्कूल के नन्हें–मुन्ने बच्चों ने विभिन्न रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान, पावर स्टेशन दृप्रमुख श्री राजिल व्यास द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा एनएचपीसी भूतपूर्व कर्मचारियों की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नियों को एवं टनकपुर पावर स्टेशन तैनात कर्मठ संविदा कर्मचारियों व उनके होनहार बच्चों को स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के अन्त में, श्री डी. एस. राव, ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित) द्वारा सभी कार्यक्रम के आयोजकों व आये हुए आगंतुकों का धन्यवाद किया। श्री डी. एस. राव, ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित्त) ने श्री सुरेश कुमार, उप प्रबन्धक (मानव संसाधन) का कार्यक्रम के दौरान सुचारु रूप एवं सुनियोजित ढंग से मंच संचालन हेतु आभार व्यक्त किया। समारोह के समापन पर मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# माननीय डॉ. शंकर शर्मा, भारत में नेपाल के राजदूत का टनकपुर पावर स्टेशन दौरा

दिनांक 09.03.2024 से 10.03.2024 तक डॉ. शंकर शर्मा, भारत में नेपाल के राजदूत, टनकपुर पावर स्टेशन के दौरे पर रहे। डॉ. शंकर शर्मा दिनांक 09.03.2024 टनकपुर पावर स्टेशन में पहुंचे। साथ में उनके सहयोगी श्री बद्री प्रसाद तिवारी, श्री यदुनाथ भट्टाराइ एवं श्री चंद्रकांत पुरोहित जी भी पहुंचे। डॉ. शर्मा के आगमन पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा पौधा देकर तथा शाल पहनाकर राजदूत महोदय को सम्मानित किया गया।




तत्पश्चात, डॉ. शंकर शर्मा ने पावर स्टेशन प्रमुख तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अतिथि गृह में विचार विमर्श किया एवं टनकपुर पावर स्टेशन के बारे में जानकारी ली। डॉ. शंकर शर्मा टनकपुर बैराज एवं इंडो–नेपाल नहर, जो कि भारत–नेपाल संधि के तहत एनएचपीसी द्वारा बनाई गई है, का निरीक्षण किया एवं नेपाल साइड की नहर का भी निरीक्षण किया एवं कार्य की जानकारी ली। राजदूत महोदय ने छभ्च्ब द्वारा किए गए नहर के निमार्ण कार्य के गुणवत्ता की सराहना की। डॉ. शर्मा ने एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन के फोरबे का निरीक्षण किया। इसके बाद, राजदूत महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन के विद्युत गृह का निरीक्षण किया।

पावर हाउस विद्युत गृह में उपस्थित अभियंताओं द्वारा स्काडा (SCADA) केन्द्र एवं नियंत्रण कक्ष के बारे में राजदूत महोदय को अवगत कराया गया। श्री संजय कुमार जैन, ग्रुप उप महाप्रबन्धक (विद्युत) ने राजदूत महोदय को ऊर्जा का उत्पादन एवं मशीनों के रखरखाव के बारे में जानकारी दी।

राजदूत महोदय ने पावर स्टेशन के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। दिनांक 10.03.2024 को डॉ. शर्मा ने कंचनपुर (महेन्द्रनगर) नेपाल के लिए प्रस्थान किया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# <u>डॉ.अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड, भारत सरकार का  टनकपुर पावर स्टेशन में दौरा</u>



दिनांक 07.01.2024 से 11.01.2024 तक डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड, टनकपुर पावर स्टेशन के दौरे पर रहे। डॉ. अमित कंसल का टनकपुर पावर स्टेशन में पहुंचने पर  पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ. अमित कंसल को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इसके बाद पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निदेशक महोदय को फूलों के गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात, डॉ. अमित कंसल, ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अतिथि गृह में विचार विमर्श किया एवं टनकपुर पावर स्टेशन की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान, टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा किए जा रहे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। चर्चा के उपरांत, डॉ. कंसल ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण के कार्यों (सीएसआर) के लिये प्रसन्नता जाहिर की और प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एनएचपीसी ऐसे ही सामाजिक कार्यों को करते रहे ताकि आसपास के क्षेत्रों का विकास हो सके।

दिनांक 8 जनवरी, 2024 को डॉ. कंसल ने शारदा घाट पहुँच कर पूजा अर्चना की और माता शारदा से एनएचपीसी की तरक्की के लिए दुआ मांगी। पूजा अर्चना के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी डॉ. कंसल के साथ पूजा स्थल पर उपस्थित रहे। दिनाँक 08.01.2024 को निदेशक महोदय ने टनकपुर बैराज एवं इंडो–नेपाल नहर जो कि भारत–नेपाल संधि के तहत एनएचपीसी द्वारा बनाई गई है का निरीक्षण किया। नहर के निरीक्षण के उपरान्त निदेशक  महोदय ने नहर के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की सराहना तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इसके बाद डॉ कंसल ने टनकपुर पावर स्टेशन बैराज  परिसर का दौरा किया एवं बैराज परिसर में स्थित नियंत्रण कक्ष का मुआयना किया। मुआयना के उपरांत, डॉ कंसल ने बैराज परिसर के रखरखाव के तरीकों पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इसी दौरान, निदेशक महोदय ने प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में पावर स्टेशन के विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान, श्री संजय कुमार जैन, ग्रुप उप महा प्रबन्धक (विधुत) ने पावर स्टेशन से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में एक प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया जिसमें पिछले वर्ष का विद्युत उत्पादन, इंडो–नेपाल नहर का निर्माण कार्य एवं अन्य विशेष कार्यों का प्रमुखतया से विवरण दिया । प्रस्तुतिकरण के अतं में, निदेशक महोदय ने पावर स्टेशन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भविष्य में ऐसी ही लगन एवं मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि एनएचपीसी देश की उन्नति में अपना बहुमूल्य योगदान बनाए रखे।

अपने दौरे के दौरान, डॉ. अमित कंसल महोदय ने सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, खटीमा का भ्रमण किया और विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकगण के साथ विचार विमर्श किया। डॉ. कंसल ने पावर स्टेशन अस्पताल का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान, अस्पताल में उपस्थित मरीजों का हालचाल जाना एवं चिकित्सकगण से अस्पताल के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण उपरांत, डॉ. कंसल ने अस्पताल के रखरखाव पर संतुष्टि व्यक्त की और सभी अस्पताल कर्मचारियों को इसी तरीके से आगे भी काम करने के लिए सलाह दी। दिनांक 09.01.2024 को डॉ. कंसल ने एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन के फोरबे का निरीक्षण किया एवं वहां पर संबन्धित अभियन्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके बाद, निदेशक महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन के विद्युत गृह का निरीक्षण किया। पावर हाउस विद्युत गृह में उपस्थित अभियंताओं द्वारा स्काडा ै(ब|क|) केन्द्र एवं नियंत्रण कक्ष के बारे में निदेशक महोदय को अवगत कराया गया। श्री संजय कुमार जैन, ग्रुप उप महा प्रबन्धक (विधुत) ने  निदेशक महोदय को मशीनों के रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी दौरान, निदेशक महोदय ने विधुत गृह में अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की ।  बैठक के दौरान, पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास ने पावर स्टेशन से संबंधित गतिविधियों के बारे में निदेशक महोदय को अवगत कराया। बैठक के दौरान, निदेशक महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा विगत वर्ष में की गई विद्युत उत्पादन के बारे में प्रसन्नता जाहिर की और सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

निदेशक महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा राजभाषा के प्रोत्साहन हेतु किये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त, कार्यपालक निदेशक महोदय ने टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा राजभाषा के प्रोत्साहन के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं शुभकामनाएं दीं। निदेशक महोदय के आगमन पर टनकपुर पावर स्टेशन कर्मचारी संगठन के नेताओं ने भी निदेशक महोदय को फूलों, गुलदस्ते एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। तत्पश्चात कर्मचारी संगठनों ने कर्मचारियों से संबंधित अन्य गतिविधियों के बारे में निदेशक महोदय को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। निदेशक  महोदय ने कर्मचारी संगठनों को हर संभव सहायता एवं सहयोग देने का आश्वासन दिया। दिनांक 10.01.2024 को निदेशक महोदय ने केन्द्रीय विद्यालय न. 2 बनबसा का भी मुआयना किया एवं विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण से विद्यालय के संचालन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान, विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अपने दौरे के दौरान, डॉ कंसल जी ने टनकपुर पावर स्टेशन के विशिष्ट अतिथि गृह के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया । दौरे के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निदेशक महोदय को हार्दिक विदाई देते हुए शुभकामनायें दीं।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी

### सीएसआर-एसडी के अंतर्गत छात्रवृत्ति वितरण समारोह




तीस्ता-V पावर स्टेशन ने सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत वर्ष 2023–24 के लिए सिक्किम राज्य के आर्थिक रूप से अक्षम 25 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन के सभागार में दिनांक 11 मार्च 2024 को आयोजित समारोह में श्री ए के दाश, कार्यपालक निदेशक एवं एचओपी तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं सीईओ एलटीएचपीएल और तीस्ता-VI एचई प्रोजेक्ट ने छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा मेधावी छात्र एवं उनके माता–पिता तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री ए के दाश ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी राष्ट्र के प्रति अधिक ज़िम्मेदारी है। ऐसे में उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु कड़ी मेहनत करने और

तीस्ता-V पावर स्टेशन ने सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत वर्ष 2023–24 के लिए सिक्किम राज्य के आर्थिक रूप से अक्षम 25 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन के सभागार में दिनांक 11 मार्च 2024 को आयोजित समारोह में श्री ए के दाश, कार्यपालक निदेशक एवं एचओपी तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं सीईओ एलटीएचपीएल और तीस्ता-VI एचई प्रोजेक्ट ने छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा मेधावी छात्र एवं उनके माता–पिता तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री ए के दाश ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी राष्ट्र के प्रति अधिक ज़िम्मेदारी है। ऐसे में उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु कड़ी मेहनत करने और राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने की सलाह दी।

एनएचपीसी स्कॉलरशिप स्कीम के तहत आर्थिक रूप से अक्षम मेधावी छात्रों को प्रतिमाह 2000/– रूपए (प्रतिवर्ष 24000/– रूपए) की छात्रवृत्ति दी जाती है जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में प्रत्येक मेधावी छात्र को वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए छात्रवृत्ति राशि के रूप में 24000/– रूपए प्रदान किए गए। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले कुल 25 छात्रों में से 20 छात्राएं हैं और 05 छात्र हैं तथा 03 छात्राएं उत्तर सिक्किम के दूरस्थ जंगू क्षेत्र से हैं।

### सीएसआर-एसडी के अंतर्गत छात्रवृत्ति वितरण समारोह




तीस्ता-V पावर स्टेशन ने सीएसआर–एसडी योजना के अंतर्गत वर्ष 2023–24 के लिए सिक्किम राज्य के आर्थिक रूप से अक्षम 10 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन के सभागार में दिनांक 29 मार्च 2024 को आयोजित समारोह में श्री ए के दाश, कार्यपालक निदेशक एवं एचओपी तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं सीईओ एलटीएचपीएल और तीस्ता-VI एचई प्रोजेक्ट ने छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा मेधावी छात्र एवं उनके माता–पिता तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री ए.के. दाश ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी राष्ट्र के प्रति अधिक ज़िम्मेदारी है। ऐसे में उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने और राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने की सलाह दी।

एनएचपीसी स्कॉलरशिप स्कीम के तहत आर्थिक रूप से अक्षम मेधावी छात्रों को प्रतिमाह 2000/– रूपए (प्रतिवर्ष 24000/– रूपए) की छात्रवृत्ति दी जाती है जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में प्रत्येक मेधावी छात्र को वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए छात्रवृत्ति राशि के रूप में 24000/– रूपए प्रदान किए गए । छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले कुल 10 छात्रों में से 06 छात्राएं हैं और 04 छात्र हैं तथा इन में से 03 छात्राएं उत्तर सिक्किम के दूरस्थ जंगू क्षेत्र से हैं।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन

## 75वें गणतंत्र दिवस का आयोजन




तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन, कालीझोरा में 75वाँ गणतंत्र दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समूह महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख तीस्ता लो डैम III एवं IV श्री ओमप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। उन्होने समारोह मे उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय निवासियों, और सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री ओमप्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि 75 वाँ गणतन्त्र दिवस देश में समृद्धि लाये, एनएचपीसी नई उचाइयां प्राप्त करे तथा ऊर्जा के क्षेत्र में देश नए कीर्तिमान स्थापित करे।

एनएचपीसी इस वर्ष कई नए प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम कर रहा है तथा निकट भविष्य में अपनी ऊर्जा बनाने की क्षमता में लंबी छलांग लगाने की ईक्षा को पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहा है। उन्होने अपने संबोधन में कहा की तीस्ता लो डैम IV पावर स्टेशन में विगत 4 अक्टूबर को आए आकस्मिक प्राकृतिक आपदा ने नई चुनौतियाँ पेश की जिसका एनएचपीसी ने समय से सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए सामना किया तथा विद्युत स्टेशन में कोई बड़ी क्षति नहीं दिखी। तीस्ता लो डैम IV पावर स्टेशन के सभी कार्मिक एवं कालीझोरा वासी इस प्रयास के लिए बधाई के पात्र हैं की वो एनएचपीसी के साथ डट कर खड़े रहे। इसी का परिणाम है के हम तीस्ता लो डैम IV पावर स्टेशन में बिजली उत्पादन का कार्य जल्द ही शुरू कर पाये। परियोजना प्रमुख श्री ओमप्रकाश ने अपने संबोधन में यह भी कहा की सिर्फ बिजली का उत्पादन ही नहीं, आकस्मिक प्राकृतिक आपदा से प्रभावित इलाकों में भोजन, दवा, बिजली आदि जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए एनएचपीसी राज्य सरकार, आपदा प्रबंधन अधिकारियों और जिला प्रशासन की हर संभव मदद करता रहा। आपदा के इस कठिन समय में एनएचपीसी पावर स्टेशन में आए चुनौतियों का सामना करने के साथ साथ तीस्ता क्षेत्र के निवासियों के हर संभव मदद के लिए तैयार रहा।

सीआईएसएफ़ और अन्य सुरक्षा कर्मियों को इस अवसर पर परियोजना प्रमुख महोदय ने उनके सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और कौशल की सराहना की। इस अवसर पर समूह महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख श्री ओमप्रकाश ने तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके किए गए कार्यों के लिए बधाई दी एवं उनकी प्रशंसा की। बेहतर कार्य करने के लिए उन्हे प्रेरित किया तथा इसी जोश और लगन के साथ आगे भी कार्य करने को कहा। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ कालीझोरा वासियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर परियोजना के निर्माण और संचालन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुये लोगों को और विशेषकर कालीझोड़ा के स्थानीय निवासियों को भी उन्होने धन्यवाद दिया तथा भविष्य में भी परियोजना में उनके सहयोग की कामना की। इस अवसर पर समूह महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख तीस्ता लो डैम III एवं IV श्री ओमप्रकाश एवं उनकी धर्मपत्नी, महाप्रबंधक (विद्युत) श्री गुरशण सिंह, सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट श्री विवेक ठाकुर तथा एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर

## सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

## निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा



श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक 26 से 28 फरवरी, 2024 तक सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। परियोजना आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा भेंट कर निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का स्वागत किया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजना) के साथ श्री दीपक सहगल, कार्यपालक निदेशक ( पीएमएसजी) एवं निगम मुख्यालय की डिजाइन टीम ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा–बांध, पावर हाउस व अन्य स्थलों का दौरा किया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने विशेष रूप से डीटी-I का निरीक्षण किया एवं डीटी-I के प्लगिंग हेतु परियोजना द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा डैम अपस्ट्रीम व डीटी-I इनलेट क्षेत्र में ढलान की सुरक्षा व संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने डीटी-I के प्लगिंग से संबंधित अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण कार्य को विषम परिस्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक संपन्न करने की दिशा में परियोजना द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं डीटी–इनलेट क्षेत्र की ढलान की सुरक्षा व संरक्षण के विभिन्न उपायों को त्वरित गति से किए जा रहे कार्यों पर अपना संतोष व्यक्त किया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने परियोजना के अन्य प्रमुख कार्यों यथा हाइड्रो मैकेनिकल कार्यों एवं इलेक्ट्रो मैकेनिकल कार्यों का भी गहन निरीक्षण किया तथा कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने इससे संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति से निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) को अवगत कराया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने शेष कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा कार्य में लगे जनशक्ति की सुरक्षा का समुचित ध्यान रखते हुए कार्य को निष्पादित करने का निर्देश दिया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

इस दौरे के क्रम में निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) एवं परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगम मुख्यालय से श्री उदय शंकर साही, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), श्री मिलिंद गणेश गोखले, कार्यपालक निदेशक (डिजाइन–ई एंड एम), श्री विशाल कुमार सैनी कार्यपालक निदेशक (डिजाइन एवं इंजीनियरिंग), श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक (गुणवत्ता आश्वासन) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने भाग लिया । बैठक के दौरान निर्माण कार्यो की प्रगति एवं इससे संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि परियोजना का शेष निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जा सके। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) के इस दौरे के क्रम में परियोजना द्वारा एक इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचरियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचरियों के साथ निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) की चर्चा विशेष रूप से संजीदगीपूर्ण रही। अपने इस दौरे के समापन पर उन्होंने परियोजना के निर्माण से संबंधित सभी कार्यों की प्रगति की सराहना की तथा परियोजना के निर्माण में आ रही विभिन्न चुनौतियों को सफलतापूर्वक निष्पादित करने के लिए परियोजना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचरियों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया।

## माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश के साथ कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर परियोजना की शिष्टाचार भेंट



माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, श्री चोउना मेन के साथ कार्यपालक निदेशक, श्री राजेन्द्र प्रसाद ने दिनांक 20 जनवरी 2024 को इटानागर में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय ने माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय को सुबनसिरी लोअर परियोजना में जारी निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें परियोजना को पूर्ण किए जाने की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों से अवगत कराया।

माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय ने एनएचपीसी द्वारा परियोजना को पूर्ण किए जाने हेतु अब तक के कार्यों पर संतोष प्रकट करते हुए परियोजना के जल्द पूरा होने की शुभकामना दी तथा इसके लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सुबनसिरी लोअर परियोजना एक महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में न केवल ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगी बल्कि परियोजना द्वारा पर्यटन, मछली पालन, रोजगार सृजन और ढांचागत विकास के जरिए प्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि में भी योगदान दिया जाएगा।

## हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से एवं भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन में सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में दिनांक 05.03.2024 को वर्ष 2023–24 की चतुर्थ तिमाही (जनवरी दृमार्च 2024) की एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री नवीन कुमार जैन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कार्यशाला के प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद के व्याख्यान से कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम हिन्दी में अपना अधिकाधिक कार्यालयीन कार्य करें। उन्होंने कहा कि हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन इसी उद्देश्य से किया जाता है कि इसमें हिन्दी के दैनिक कामकाज में आने वाली परेशानियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि "ग" क्षेत्र में स्थित होने के कारण हमारे लिए लक्ष्य थोड़े आसान हैं और यह प्रसन्नता की बात है कि राजभाषा कार्यान्वयन के सभी मदों के निर्धारित लक्ष्य को हमारी परियोजना द्वारा हासिल कर लिया गया है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि हमें निर्धारित लक्ष्यों से आगे भी अपनी प्रगति को जारी रखनी है। इसके लिए जरूरी नहीं है कि हम कठिन शब्दों का प्रयोग करें और यदि ऐसा करते हैं तो यह राजभाषा की प्रगति में बाधक ही होगा। राजभाषा का प्रचार–प्रसार करने के लिए सरल, सुबोध एवं सहज हिन्दी का ही इस्तेमाल करना चाहिए और राजभाषा नीति भी यही कहती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सुबनसिरी परियोजना को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष प्रथम पुरस्कार के लिए होना चाहिए। इसके लिए सभी को राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना होगा तथा अपने अधिकाधिक दैनिक कार्य हिन्दी में करने होंगे।

इस कार्यशाला में कुल 30 प्रतिभागियों को नामित किया गया था जिन्हें राजभाषा की अपेक्षाएं एवं निर्देश, हिन्दी भाषा एवं व्याकरण, वार्षिक लक्ष्य एवं हिन्दी प्रोत्साहन योजनाएं, कार्यालयीन अनुवाद, चुनौतियाँ एवं अभ्यास आदि विषयों पर जानकारी दी गई। आरंभिक वक्ता श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक के अतिरिक्त श्री सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रबन्धक (राजभाषा) ने कार्यशाला के विविध विषयों पर अपने व्याख्यान दिए। सभी प्रतिभागियों में अपने फीड–बैक फॉर्म में ऐसी कार्यशालाओं की अधिकाधिक उपयोगिता पर ज़ोर देते हुए कार्यशाला की व्यवस्था, विषयों के चयन की सराहना की। श्री संजीव कमार, उप महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) ने कार्यपालक निदेशक के साथ–साथ सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों से इस कार्यशाला से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# “बूरी-बूत यूलो फेस्टिवल-2024” में कार्यपालक निदेशक विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित



सुबनसिरी लोअर परियोजना के राइट बैंक में दोलुङमुख सर्कल के अंतर्गत बूरी–बूत ग्राउन्ड में दिनांक 06.02.2024 को 57वें "बूरी–बूत यूलो फेस्टिवल" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना को बूरी–बूत यूलो फेस्टिवल आयोजन समिति द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान श्री रामस्वरुप, कार्यपालक निदेशक (गुणवत्ता आश्वासन), निगम मुख्यालय को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

"बूरी–बूत यूलो फेस्टिवल" अरुणाचल प्रदेश की निशि जनजाति का एक महत्वपूर्ण फेस्टिवल है जिसे स्थानीय निवासियों द्वारा बेहतरीन कृषि उपज के लिए देवी–देवताओं की प्रार्थना के रूप में मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने एवं खुशहाली बढ़ाने के साथ–साथ महामारी, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं से मानव जाति की रक्षा करने की कामना भी इस फेस्टिवल में की जाती है।

इस आयोजन में अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में 15–सागली विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री नबम तुकी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे।

"बूरी–बूत यूलो फेस्टिवल" में उपस्थित स्थानीय स्टेकहॉल्डर्स एवं निवासियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक महोदय ने एनएचपीसी को दिए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि परियोजना को आगे भी आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी भी अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास व आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रही है। एनएचपीसी द्वारा स्थानीय शिक्षा में सुधार हेतु दोलुङमुख में विवेकानंद केन्द्र विद्यालय की स्थापना की गई। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर काफी मेधावी छात्र निकले हैं जिन्होंने न सिर्फ अपना जीवन उन्नत किया बल्कि वर्तमान में स्थानीय लोगों का भी जीवन उन्नत बनाने में अपना सहयोग दे रहे हैं। कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी उपस्थितजनों को परियोजना में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने परियोजना पूर्ण होने के बाद प्रदेश को मिलने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब से सुबनसिरी लोअर परियोजना का निर्माण कार्य आरंभ हुआ है तब से इस क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी सुधार हुआ है और स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि परियोजना पूरा होने के पश्चात इस क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होगा एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा । अपने सम्बोधन में उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना से विद्युत उत्पादन आरंभ होने के पश्चात अरुणाचल प्रदेश में औद्योगीकरण के अवसर बढ़ेंगे जिससे प्रदेश के बहुआयामी विकास की संभावनाएं प्रबल होंगी।

मुख्य अतिथि एवं अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नबम तुकी ने भी सभी स्थानीय निवासियों को 57वें "बूरी–बूत यूलो फेस्टिवल" की शुभकानाएं दी। उन्होंने कहा कि एनएचपीसी जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण से अरुणाचल प्रदेश के विकास में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने सुबनसिरी लोअर परियोजना के जल्द–से–जल्द पूर्ण होने का आह्वान किया व परियोजना निर्माण में अरुणाचल प्रदेश प्रदेश की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) तथा निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का दौरा



अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आर.के. विश्नोई, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) तथा निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दिनांक 24 एवं 25 जनवरी, 2024 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। डिब्रूगढ़ आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर परियोजना ने सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ व पारंपरिक असमिया गमछा से स्वागत गया।

परियोजना आगमन पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय को परियोजना में तैनात सीआईसीएफ की टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया । तदुपरांत श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का असम की पारंपरिक एरी चादर भेंट कर सम्मानित किया।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (तकनीकी एवं परियोजना) के साथ परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा–डैम कॉम्प्लेक्स व डायवर्शन टनल के इनलेट व आउट्लेट क्षेत्र, पावर हाउस, हाइड्रोमेकैनिकल व अन्य निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया। श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक द्वारा उन्हें परियोजना में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अब तक की कार्य प्रगति की सराहना की तथा देश की इस अति महत्वाकांक्षी सुबनसिरी लोअर परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने की एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

तत्पश्चात अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में परियोजना निर्माण से जुड़े सभी मेजर कान्ट्रैक्टर्स के साथ परियोजना समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति एवं निर्माण कार्यों में हो रही कठिनाइयों पर काफी विस्तृत चर्चा की गई ताकि परियोजना को जल्द पूरा किया जा सके। बैठक में निदेशक (वित्त), निदेशक (परियोजनाएं), निगम मुख्यालय से आए कार्यपालक निदेशकगण एवं सुबनसिरी लोअर परियोजना के कार्यपालक निदेशक के साथ–साथ परियोजना के सभी विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कार्य की प्रगति पर संतोष प्रकट किया व परियोजना को जल्द–से–जल्द पूरा करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए ।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा



श्री आर. पी. गोयल, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक 03 से 04 मार्च, 2024 तक सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। डिब्रूगढ़ आगमन पर श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा भेंट कर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय का स्वागत किया। परियोजना आगमन पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को परियोजना की सीआईएसएफ टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया तथा असम के पारंपरिक बीहू नृत्य से स्वागत किया गया। इस अवसर पर परियोजना के सभी महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के साथ श्री दीपक सहगल, कार्यपालक निदेशक (पीएमएसजी), श्री विशाल कुमार सैनी, कार्यपालक निदेशक (डिजाइन एवं इंजीनियरिंग) एवं निगम मुख्यालय के अन्य अधिकारियों ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा-बांध, डाइवर्जन टनल इनलेट एरिया/आउटलेट एरिया, डाइवर्जन टनल की प्लगिंग गतिविधियों, लेफ्ट बैंक हिल स्लोप स्टैबिलाईजेशन कार्यों, पावर हाउस एवं प्रेशर शैफ्ट के साथ–साथ जल यांत्रिक एवं विद्युत यांत्रिक के चल रहे कार्यों का मुआयना किया। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने डीटी–1 आउटलेट पर पूजा किया एवं तत्पश्चात उनकी उपस्थिति में डैम एक्सिस के 25मी. अपस्ट्रीम पर प्लगिंग हेतु कंक्रीटिंग शुरू की गई।

अध्यक्ष व प्रबंध निदेश ने डीटी–5 से डीटी–2 तक पूरा किए गए प्लगिंग कार्यों का निरीक्षण किया तथा काफी कम समय में इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए परियोजना के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने डीटी-I के प्लगिंग से संबंधित अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण कार्य को विषम परिस्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक संपन्न करने की दिशा में परियोजना द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं डीटी– इनलेट क्षेत्र की ढलान की सुरक्षा व संरक्षण हेतु त्वरित गति से किए जा रहे विभिन्न उपायों पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को परियोजना के विभिन्न कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। इसी क्रम में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी), परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं मेजर वर्क्स के कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी से परियोजना को पूरा करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह किया।

इस दौरे के क्रम में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने परियोजना में राजभाषा प्रगति का निरीक्षण किया तथा राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं परियोजना में राजभाषा प्रगति की सराहना की। इसी क्रम में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा कार्यपालक निदेशक (सुबनसिरी) एवं परियोजना के महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में परियोजना मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

## संपर्क कार्यालय, मुंबई




संपर्क कार्यालय, मुंबई में भारत के 75वें गणतंत्रता दिवस को पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंधक (वित्त) द्वारा ध्वजारोहण किया गया और सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्रगान गाया। प्रबंधक (वित्त) ने उपस्थित सभी कार्मिकों को गणतंत्रता दिवस की बधाई दी और इस अवसर पर वीरों और महापुरुषों द्वारा दिये गए बलिदानों को याद किया। स्वतंत्र भारत जो आज ऊंचाइयों को छू रहा है, उसकी दिनों दिन प्रगति के लिए, सभी को अपने क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ काम करने हेतु प्रोत्साहित किया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# एनएचपीसी लिमिटेड, 2880 MW, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना



समारोह बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ इस वर्ष पिछली परम्पाराओ से आगे बढ़कर समारोह का आयोजन हेड कवाटर–रोइंग की बजाए बाँध स्थल (त्पहीज ठंदा) पर किया गया ताकि परियोजना के सभी लोग व स्थानीय समुदाय भी परियोजना की गतिविधियों से रूबरू हो सके।

इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री एल. के. त्रिपाठी,कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) के समारोह प्रांगण में पहुँचने पर श्री आर.टी. नाथन, महाप्रबंधक (मा.सं.) द्वारा अरुणाचली खादा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मौजूद एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं लॉट-2 में कार्यरत एल–टी व लॉट–4 में कार्यरत दिबांग पॉवर (लॉट–4) कंसोर्टियम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी कार्यपालक निदेशक महोदय का अभिवादन एवं स्वागत किया गया। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कार्यपालक निदेशक महोदय ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के कार्मिको, उपस्थित संविदा कर्मियों एवं परियोजना के मुख्य निर्माण कार्यो के ठेकेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस का दिन भारत के राजनैतिक इतिहास का एक स्वर्णिम दिन है। आज उन देशभक्तों, देश के पहरेदारों एवं देश के संविधान निर्माताओं के जज़्बे को सलाम करने का दिन है जिनके परिणामस्वरूप भारत दुनिया का सबसे बड़ा गणतांत्रिक देश हैं।

इस अवसर पर उन्होने बोलते हुए कहा कि एनएचपीसी की स्थापना वर्ष 1975 में हुई, इस दौरान भारत सरकार के द्वारा सौपी गई जिम्मेदारियों को एनएचपीसी ने बहुत ही तत्परता एवं कर्मठता से निभाया हैं। एनएचपीसी अपनी परियोजनाओ के निर्माण के दौरान पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखते हुए ऊर्जा के क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी की महत्ता को समझते हुए कार्बन फुट–प्रिंट्स को कम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में जल विद्युत की अपार संभावनाए हैं,परन्तु विगत वर्षो में जल विद्युत का दोहन बहुत ही कम मात्रा में किया जा सका हैंद्य वर्तमान में एनएचपीसी ने दिबांग घाटी में 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया हैं जिससे भारत वर्ष के साथ– साथ अरुणाचल प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। उपरोक्त परियोजना से स्थानीय ग्रामीणों का सर्वांगीण विकास संभव होगा।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने कहा कि सीएसआर–एसडी के अंतर्गत दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा परियोजना स्थल के समीप स्थित लोअर दिबांग वैली व दिबांग वैली, अनिनी में विभिन्न विकास कार्य किये जा रहे हैं।

परियोजना प्रमुख ने इस अवसर पर सभी लोगो से परियोजना के समय से पूरा करने के लिए अपनी ओर से भरपूर प्रयास करने का आवाहन किया।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय ग्रामीणों एवं उपस्थित सभी कार्मिको/संविदा कर्मियों के मध्य मिष्ठान वितरण तथा सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **जनवरी 2024** | |
| चारु चंद्र लोहानी | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | संपर्क कार्यालय हल्दवानी |
| राघवेंद्र प्रताप सिंह | समूह उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन) | संपर्क कार्यालय लखनऊ |
| मन मोहन | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | पार्वती-III पी.एस |
| एच एन सत्यनारायण | कार्यकारी निदेशक | विजयवाड़ा, एपी |
| लैशराम प्रेमानंद सिंह | समूह महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) | लोकतक पीएस |
| रमेश कुमार | महाप्रबंधक (सिविल) | पीएमएसजी |
| गोपाल सिंह | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड | कॉर्पोरेट संचार |
| मोती राम | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| दीवान चंद | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| जीएच कादिर | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | दुलहस्ती पी.एस |
| पवन कुमार | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-I | सलाल पी.एस. |
| करतार सिंह | सुपरवाइजर (क्लीनर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस |
| सुनील दत्त | सीनियर कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-एसपीएल | क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत |
| नरेश कुमार | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | चमेरा-II पी.एस |
| राजिंदर सिंह | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | चमेरा-II पी.एस |
| सत्यपाल कटोच | सीनियर कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | सेवा-II पी.एस |
| चित्तरंजन रबी दास | पर्यवेक्षक (दफ्तरी) ग्रेड-III | पीएमएसजी |
| यशपाल | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| धरम सिंह | मशीनिस्ट ग्रेड-III | धौलीगंगा पी.एस |
| अशोक कुमार मल्होत्रा | प्रबंधक (एचआर) | आरटीआई सेल |
| रोमेश लाल | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-II | सलाल पी.एस |
| मुंशी राम | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-III | दुलहस्ती पी.एस |
| ओम प्रकाश प्रसाद | विशेष. निजी सचिव | एसबीडी एवं सी |
| चिरकांति बोरा | एटीडीटी एसपीएल ग्रेड-I | सुबनसिरी लोअर एचईपी ब |

| | | |
|---|---|---|
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **नवम्बर 2023** | |
| षशि कुमार शर्मा | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत |
| संदीप पुरी | महाप्रबंधक (आईटी) | आईटी एंड सी |
| अशोक कुमार शर्मा | महाप्रबंधक (वित्त) | पार्बती-II एचईपी |
| राम लाल | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | सलाल पी.एस |
| संजय दरबारी | कार्यकारी निदेशक | योजना |
| निक्का राम | हेल्पर एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-III पी.एस |
| शाम लाल | पर्यवेक्षक (कुक) ग्रेड-II | सलाल पी.एस |
| नारायण प्रसाद | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | जागरूकता |
| अब्दुल कयूम | हेल्पर एसपीएल ग्रेड-I | सीवीपीपीएल–पाकलदुल एचईपी |
| दविंदर कौर | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | पीआईडी–पठानकोट |
| सोम राज | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | लो पठानकोट |
| जोगिंदर कुमार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| काली बहादुर | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-III | धौलीगंगा पीएस |
| जोगिंदर प्रसाद | सहायक सर्वेक्षण अधिकारी | सावलकोट एचईपी |
| बलदेव राम | सुरक्षा गार्ड एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| मीरा ठाकुर | सहायक प्रबंधक (ईडी) | पारबती-II एचईपी |
| सुरेश चौधरी | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | तीस्ता लो डैम-III पीएस |
| डी जगदीश ग्रुप | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | रंगित पी.एस |
| राम सिंह | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| आंद्रेश एसआर. | पर्यवेक्षक (निर्वाचित) ग्रेड-I | चमेरा-III पी.एस |
| नारायण सिंह | सीनियर पर्यवेक्षक (निर्वाचित) ग्रेड-I | धौलीगंगा पी.एस |
| रियाज़ अहमद | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-III | दुलहस्ती पी.एस |
| मोहन चंद | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | टनकपुर पी.एस |
| शेर सिंह | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | सलाल पी.एस |
| अब्दुल माजिद मन्हास | एससी सहायक ग्रेड-II | आरओ, जम्मू |



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | | |
| जिबन रबी दास | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | एस्टेट प्रबंधन सेवाएं |
| पी एस रावत | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | पीएमएसजी |
| प्रताप चंद मेहरा | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | चमेरा-III पीएस |
| झभू प्रसाद | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | निदेशक (वित्त) अनुभाग |
| थोकचोम जयश्री | महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) | लोकतक पीएस |
| श्याम सिंह | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | डिज़ाइन (सिविल) |
| सरिता शर्मा | सीनियर कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | दुलहस्ती पी.एस |
| योग राज | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | सलाल पी.एस |
| करण बहादुर | बेलदार एसपीएल ग्रेड.ऽ | निदेशक (तकनीकी) अनुभाग |
| इरशाद अहमद | हेल्पर एसपीएल जीआर. | दुलहस्ती पी.एस |
| पृथ्वी पाल | सीनियर पर्यवेक्षक (अग्नि / सुरक्षा) ग्रेड-II | चमेरा-I पी.एस |
| रजनी साहनी | सीनियर पीआरटी ग्रेड एसपीएल. | सेवा-II पी.एस |
| हरि सिंह | मशीनिस्ट ग्रेड-III | सेवा-II पीएस |
| गांधी राम | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| अब्दुल मजीद | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| गज़लो देवी | एसआर. कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत |
| राम चंद | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | सलाल पी.एस |
| वी के जोशी | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) | ओ एंड एम यूनिट-I सी.ओ. |
| श्रीकांत राम | हाउस कीपिंग हेल्पर एसपीएल ग्रेड | क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी |
| फ़ारूक़ अहमद | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | दुलहस्ती पी.एस |
| मोहम्मद इकबाल | पर्यवेक्षक (वेल्डर) ग्रेड-II | दुलहस्ती पी.एस |
| देवी दास | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| सूरत कुमार | इलेक्ट्रीशियन एसपीएल | उरी-I पीएस |
| बिनय कुमार | महाप्रबंधक (वित्त) | इंटी. ऑडिट |
| शफ़क़त हुसैन मीर | सीनियर। पर्यवेक्षक (सिविल) ग्रेड-II | दुलहस्ती पी.एस |
| रमन पंडोह सीनियर | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू |
| किशोर सिंह | वेल्डर ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| बीना देवी | ड्रेसर ग्रेड-I | लोकतक पीएस |
| हरक सिंह | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| अखिल कुमार शर्मा | सहायक प्रबंधक (ईडी) | चमेरा-III पी.एस |



2000 MW Subansiri Lower HE Project, Assam / Arunachal Pradesh

एन एच पी सी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

कॉर्पोरेट संचार विभाग, एनएचपीसी लिमिटेड, सैक्टर-33, फ़रीदाबाद, हरयाणा-121003

CIN : L40101HR197GOI032564

**कवर फोटो :** श्री आर.पी.गोयल, सीएमडी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) एवं श्रीमती गायत्री गोयल 'हिंदी कवि सम्मेलन' में कवियों के साथ।

/NHPCIndiaLimited | @nhpcltd | /nhpclimited | NHPC Limited | @nhpclimited | NHPC Limited

www.nhpcindia.com